भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3103
09 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एआईआईए की स्थापना

3103. डॉ. राजकुमार सांगवानः:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास देश में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) स्थापित करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उत्तर प्रदेश में नया एआईआईए स्थापित करने का कोई विचार है; और

(घ) यदि हां, तो संस्थान के स्थान और इसकी स्थापना की समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (घ): जी नहीं, तथापि, आयुष मंत्रालय के अंतर्गत नई दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) दिनांक 17.10.2017 से कार्यशील है। इसके अतिरिक्त, संस्थान का एक अनुषंगी केंद्र नामतः अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, गोवा दिनांक 11.12.2022 से स्थापित किया गया है।

*****